दिन– मंगलवार

दिनांक– 21/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। विकसित भारत और समृद्ध बिहार के विजन पर हुई चर्चा।

02. श्रवण कुमार बने जदयू विधायक दल के नेता। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके नाम पर लगाई अंतिम मुहर।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा देश को घुसपैठियों से मुक्त करायेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न जिले गर्मी और लू से प्रभावित। गर्मी को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के संचालन समय में किया गया परिवर्तन।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विकसित भारत और समृद्ध बिहार के विजन पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी की यह पहली दिल्ली यात्रा है। उनका गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रवण कुमार के नाम पर सहमति जताई। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद उनका नाम विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के पास भेज दिया गया।

––साउंड बाइट––

विधानसभा अध्यक्ष ने श्रवण कुमार को जनता दल यूनाइटेड विधायक दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र को स्वीकृति प्रदान की। जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। श्रवण कुमार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से लगातार आठवीं बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने राज्य कैबिनेट में ग्रामीण विकास, कृषि, परिवहन समेत विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी भी संभाली है।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई और शुभाकानाएं दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि श्री कुमार का अनुभव, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण से सदन की कार्यवाही के संचालन में काफी सहयोग मिलेगा।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी गैर–जिम्मेदार व्यक्ति हैं और उनके बयानों को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता। श्री चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए नीतीश कुमार को कप्रोमोईज्ड व्यक्ति कहे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि महिला आरक्षण से नफरत करने वाले ऐसे नेताओं की राजनीति देश को पीछे ले जाने की है।

––साउंड बाइट––

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने महिला आरक्षण से संबंधित एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्षी दलों के खिलाफ धिक्कार मार्च निकालने का ऐलान किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि बाईस अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध मार्च निकालेंगे।

––साउंड बाइट––

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा ने देश को आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त कराया है। पश्मिच बंगाल के मेदनीपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि अब भाजपा पूरे देश को घुसपैठियों से मुक्त कराएगी।

––साउंड बाइट––

---

तमिलनाडु में एक ही चरण के विधानसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार आज समाप्त हो गया। तमिलनाडु की सभी दो सौ

चौंतीस सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण की एक सौ बावन सीटों के लिए तेईस अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा, कांग्रेस, त्रिणमूल कांग्रेस, डीएमके, एआईएडीएमके समेत सभी प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार के अंतिम दिन रैली, सभा और रोड–शो किया। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान उनतीस अप्रैल को होगा। जबकि चार मई को सभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी।

---

आज सिविल सेवा दिवस है। इस अवसर पर देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता उत्तरदायी शासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह सुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सिविल सेवकों को बधाई देते हुए कहा है कि उनके अथक प्रयासों और जनसेवा से ही देश और राज्य का विकास संभव हो सकेगा। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में श्री चौधरी ने कहा कि योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने में सिविल सेवकों की भूमिका उल्लेखनीय है।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने  पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताय कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

––साउंड बाइट––

पशुपालन और डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रस्तोगी ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश भर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण और आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।

——साउंड बाइट——

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश का दक्षिणी और उत्तर—पश्चिमी भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। गया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना में अधिकतम पारा इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद समेत कई जिलों में लू जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिमी, दक्षिण—पश्चिमी और दक्षिण—मध्य भागों में अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज किये जाने की संभावना है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

——साउंड बाइट——

---

इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से भीषण गर्मी को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है। बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए पटना, भोजपुर, रोहतास समेत विभिन्न जिला प्रशासन की ओर से स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है।

---

राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने आज किशनगंज में भारत—नेपाल सीमा पर सुरक्षा स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। वरिष्ठ अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा, तस्करी पर रोक, घुसपैठ की निगरानी और नो मैन्स लैंड को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहनता से विचार विमर्श किया। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों और वरीय पुलिस अधिकारियों को सीमा क्षेत्र में और सख्ती बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन के परिणाम में राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करने शुभम कुमार को बधाई दी है। शुभम कुमार गया जिले के नादरागंज ब्राह्मणी घाट के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि शुभम कुमार के सफलता पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन परीक्षा दो हजार छब्बीस के सेशन–एक और सेशन–दो के परिणामों में शुभम कुमार ने सौ पर्सेंटाइल अंक के साथ राज्य में पहला और पूरे देश में छठा स्थान प्राप्त किया है।

---

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने वीरपुर में आज पूर्वी कोसी तटबंध पर कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अभियंताओं को सभी कार्य समयबद्ध ढंग से मानक के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

---

कैमूर जिला प्रशासन ने खेतों में पराली जलाने के नुकसान को लेकर किसानों को जागरूक करने के अभियान शुरू किया है। जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया।

---

सुपौल जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बसबिट्टी गांव में पोषण पखवाड़ा के संतुलित भोजन के महत्व पर चर्चा का आयोजन किया गया।

---

अररिया पुलिस ने जिले के जोकीहाट और कुर्साकांटा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

---

कैमूर जिले के सदर अस्पताल में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

---

भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने विभिन्न पंचायतों के मुखिया के साथ ऑनलाइन बैठक कर जिले में चल रही जनगणना कार्य की समीक्षा की।

---

कटिहार जिले में उर्वरकों की आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए इसकी कालाबाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी को रोकने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। विकसित भारत और समृद्ध बिहार के विजन पर हुई चर्चा।

02. श्रवण कुमार बने जदयू विधायक दल के नेता। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके नाम पर लगाई अंतिम मुहर।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा देश को घुसपैठियों से मुक्त करायेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न जिले गर्मी और लू से प्रभावित। गर्मी को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के संचालन समय में किया गया परिवर्तन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।